दैनिक
न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
रायगढ़, मंगलवार, 01फरवरी 2022
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को मारी जोरदार टक्कर,दो की मौत एक की हालत गंभीर

**धमतरी (आरएनएस)।** धमतरी के नगरी थाना क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर 30 जनवरी के देर शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और शवों को मोर्चरी में रखवा दिया है।जानकारी के मुताबिक, फरसिया निवासी पन्ना सिन्हा अपनी कार में धमतरी से नगरी लौट रहा था। इसी दौरान देर शाम नगरी से करीब 4 किमी दूर स्टेट हाईवे पर दलदली के पास कार अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रहे बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक उछल कर सड़क पर जा गिरे। वहीं कार भी क्षतिग्रस्त होकर रूक गई। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवकों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में उमेश कुमार साहू और लोमेश कुमार साहू ने दम तोड़ दिया। घायल युवक अभय अग्रवानी को नगरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।युवकों के पास से मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान हुई है। तीनों युवक एक ही गांव राजपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है।

### जंगली भालू के हमले से 5 वर्षीय बच्चे की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत

**बलरामपुर (आरएनएस)।** जिले के वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर में शासकीय उद्यान के समीप मादा भालू के काटने से बच्चे की दर्दनाक मौत। रामकृष्ण श्यामले का 5 वर्षीय पुत्र संजय सिंह अपने घर से शासकीय उद्यान में काम कर रही मां के पास मिलने जा रहा था। रास्ते में ही भालू के काटने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत। नर्सरी के समीप जैसे ही बच्चा पहुंचा मादा भालू अपने दो बच्चों के साथ हमला कर दिया। जिससे बच्चे का सिर पूरी तरह से जख्मी हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। घटना लगभग 9 बजे सुबह की बताई जा रही है। आने जाने वाले राहगीरों ने देखा और शोरगुल किया तो भालू वहां से जंगल की ओर भाग निकला। सूचना पर वन विभाग अमला मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर जांच में जुटी हुई है। बच्चे की परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है और गांव में मातम पसर गया।

### शराब विक्रेताओं पर पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही,16 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। जानकारी के मुताबिक 4 थाना क्षेत्रों में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी है। वही 14 प्रकरण में 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम के लिये लगातार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद आबकारी विभाग के राज्य स्तरीय उडऩदस्ता, रायपुर संभागीय उडऩदस्ता, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग तथा जिला रायपुर, जिला दुर्ग और जिला बिलासपुर के आबकारी कार्यपालिक अफसर सक्रिय नजर आ रहे है।

### दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी ने आबकारी मंत्री पर साजिश का लगाया आरोप

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सलियों के दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में तिम्मापुरम के ग्रामीण मडक़म जोगा को झूठी मुठभेड़ में हत्या की निंदा करते हुए दोषी पुलिस व कोबरा, डीआरजी जवानों को सजा देने की बात कही है। इसके अलावा नये पुलिस कैंप लगाकर सुकमा-बीजापुर जिलों में पुलिस-अर्धसैनिक बलों द्वारा जनता के ऊपर हत्या, अत्याचार, लूटपाट-मारपीट, अवैध गिरफ्तारी, कर झूठे केसों में फंसाकर जेलों में ठूंसना आदि तरह-तरह की दमन बढ़ रही है। भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद हुई सभी घटनाओं के पीछे आबकारी मंत्री कवासी लखमा का साजिश का आरोप लगाया हैं। नक्सली विज्ञप्ति में सुकमा जिले के चिंतलनार थाना विम्पा कैंपों के पुलिस व अर्धसैनिक बलों द्वारा नक्सल उन्मूलन के नाम से संयुक्त अभियान चलाकर तिम्मापुरम मोरपल्ली, ताड़मेट्ला, पुलनपल्ली गांवों पर हमला करके ग्राम तिम्मापुरम के ग्रामीणें जो अपनी खेतों में मेड़ बांध रहें लोगों को घेराबंदी कर अंधाधुंध फायरिंग किये और निहत्थे मडक़म जोगा को पकडक़र हत्या किये है।

# राज्य में अब तक 94.57 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**● 21.38 लाख किसानों ने बेचा धान: धान खरीदी के एवज में किसानों को 17906.33 करोड़ रुपए जारी**

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में 94.57 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का नया रिकार्ड बना है। पिछले सीजन 2020-21 में आज की स्थिति में 92.803 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हुई थी। गत वर्ष आज के तिथि तक 20.54 लाख किसानों धान बेचा था। इस वर्ष 21.38 लाख किसानों से 94.57 लाख मीटरिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में अब तक किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 17,906.33 करोड़ रूपए जारी कर दिए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि किसानों की मांग और जरूरत को ध्यान में रखते हुए किसानों की सहुलियत के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब पंजीकृत किसानों से 7 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने इस वर्ष 24 लाख से अधिक किसानों से 105 लाख मीटरिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के साथ ही समांतर रूप से कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आह्वान पर अब तक मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 54.99 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी नया रिकार्ड बनाया है। अब तक 14.46 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तापूर्ण चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 8.03 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 6.42 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, धान के उठाव और कस्टम मिलिंग, रेलवे रेक की व्यवस्था के साथ-साथ केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए खाद्य विभाग, विपणन संघ, नागरिक आपूर्ति निगम, एफसीआई, रेलवे अधिकारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के समन्वय से ही यह उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई की राज्य धान खरीदी के साथ ही केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने का लक्ष्य पूरा करेगा।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव भी किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 54.99 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 46 लाख 61 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 41 लाख 05 हजार मीटरिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 19 लाख 56 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध संग्रहण समितियों से 13 लाख 94 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है।

खाद्य सचिव वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कर केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी नया रिकार्ड बनाया है। अब तक केन्द्रीय पूल में 14.46 लाख मीटरिक टन रिकार्ड चावल जमा कराया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत 1 दिसम्बर 2021 से हुई है। धान खरीदी के समांतर ही खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल धान बेचने के लिए रिकार्ड 24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत धान का रकबा भी 30 लाख 15 हजार हेक्टेयर से अधिक है। खाद्य विभाग के सचिव वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ को इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उपार्जित धान का उठाव और कस्टम मिलिंग का काम तेजी से किया जा रहा है।

# घुंचापाली चंडी मंदिर में ढाई लाख की चोरी

**● तीन साल पहले बिरकोनी, व 6 माह पूर्व जैन मंदिर में हुई चोरी अब तक नहीं सुलझा सकी है पुलिस**

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले में बढ़ती चोरियों ने आम जनता की नाक में जहां दम कर रखा है वहीं पुलिस को चोर खुली चुनौती दे रहे है। छोटी-छोटी चोरियों से लेकर कई बड़े मामले भी अनसुलझे और इनके आरोपी पुलिस के गिरफ्त से दूर है। चाहे तीन साल पहले बिरकोनी चंडी मंदिर में हुई चोरी की बात हो या पांच माह पूर्व जैन मंदिर में हुई चोरी का मामला।

एक बार से फिर से बागबाहरा ब्लॉक के सुप्रसिद्ध सिद्धशक्ति पीठ घुंचापाली चंडी मंदिर में रविवार-सोमवार दरम्यिानी रात दो अज्ञात चोरों ने माता के गहनों के साथ ही मंदिर में रखे दान पेटी को तोडक़र जेवर व नकदी समेत करीब ढाई लाख रुपए की चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह पुजारियों को होते ही उन्होने मंदिर प्रबंधन को जानकारी दी। इधर, घटना के बाद पुलिस टीम जांच में जुट गई है। चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी, एसडीओपी, बागबाहरा थाना प्रभारी, सायबर सेल और डॉग स्कॉव्ड की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुटी गई है। मंदिर समिति उपाध्यक्ष सिंकदर ठाकुर ने बताया कि घटना रात करीब 1 बजे की है। दो अज्ञात युवकों चेहरे को ढकक़र मंदिर में पहुंचे और चैनल गेट के लॉक को तोडक़र अंदर प्रवेश किया। माता की प्रतिमा के सिर पर लगी सोने की बिदिंया, नाक की नथनी और पांच लोहे की दानपेटियों को तोडक़र उसमें रखे नकदी रकम को चोरी कर ले गए है। जेवर और नकदी रकम समेत करीब ढाई लाख रुपए से अधिक की चोरी होने की अंदेशा मंदिर प्रबंधन ने जताया है।



**चौकीदार छुट्टी में, यज्ञ शाला में सो रहे कर्मियों को पता नहीं चला**

मंदिर की सुरक्षा के लिए सीसीटीव्ही कैमरे के साथ ही प्रबंधन ने एक चौकीदार भी नियुक्त किया है। हालांकि चौकीदार पिछले कुछ दिनों से अवकाश पर है। वहीं घटना स्थल करीब डेढ़ सौ फीट की दूरी पर यज्ञ शाला है जहां मंदिर के पुजारी के साथ तीन और कर्मचारी सो रहे थे। जिन्हे घटना की भनक तक नहीं लगी। सुबह वे पूजा के लिए पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई।

**पीछे के रास्ते से पहुंचे मंदिर**

घटना में आरोपियों का सुराग तलाशने के लिए पहुंची डॉग स्कॉव्ड की टीम चोरों का सुराग ढूंढने सूंघते हुए मंदिर के पीछे रास्ते से पहुंची। यहां पर चोरों ने एक ठेला छोडा है जहां पर शराब की खाली शिशियां मिली है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोरी के पहले या फिर बाद चोरों ने शराब पी होगी इसके बाद वे जिस साधन से आए थे उसी से भाग निकले। डॉग स्कॉव्ड की इससे आगे नहीं जा पाई।

## स्पा सेंटर के आड़ में देहव्यापार : ग्राहक बनकर छापा मारी पुलिस, आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

**● अनुपम गार्डन के सामने था स्पा सेंटर**

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रविवार देर शाम छापेमारी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छह लड़कियां, एक संचालिका और 2 युवकों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ी गई लड़कियां सभी छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक घटना राजधानी के ही सरस्वती नगर थाना क्षेत्र की है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि, अनुपम गार्डन के सामने अलीशा स्पा सेंटर में देहव्यापार किया जा रहा है।

**ग्राहक बनकर गया पुलिसकर्मी**

देहव्यापार की सूचना के बाद पुलिस ने रात आठ बजे के करीब पुलिस के एक कर्मी को ग्राहक बनाकर स्पा सेंटर भेजा गया। इस दौरान जैसे ही स्पा सेंटर की संचालिका से सौदा हुआ उसके बाद आरक्षक ने बाहर खड़ी पुलिस की टीम को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर में पहुंची।

**पुलिस को देख भागने की कोशिश कर रही थी लड़कियां**

पुलिस को आता देह स्पा की लड़कियां भागने की कोशिश करने लगी, जिन्हें महिला पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 6 लड़कियां एक संचालिका और दो युवक को पकड़ा है। सभी के खिलाफ पीटा एक्ट 14/22 धारा 3,4 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस माओवादियों के बीच मुठभेड़, घायल माओवादी को हथियार, विस्फोटक सहित जवानों ने पकड़ा

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेगड़ापल्ली केम्प से कोबरा 210 बटालियन के डी सी मिश्रा के नेतृत्व में 29 जनवरी को एरिया डोमिनेशन, सर्चिंग अभियान पर निकली हुई थी । इसी दौरान सुकनपल्ली व छोटे सुकनपल्ली के जंगलों में पहले से घात लगाए माओवादियो ने फायरिंग शुरू कर दिया, जवानों की जवाबी कार्यवाही में माओवादी भाग खड़े हुए । घटना स्थल के सर्चिंग के दौरान घायल अवस्था मे एक पुरुष माओवादी मिलिशिया सदस्य को हथियार के साथ पकडऩे में जवानों ने सफलता हासिल किया ।



घायल अवस्था मे पकड़ा गया माओवादी बदरू मोडियाम के बाएं हांथ में चोट लग हुआ था । पूछ ताछ के दौरान उक्त माओवादी ने बताया कि वह माओवादी संगठन में मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्यरत था । घटना स्थल से घायल माओवादी के साथ 2 नग भरमार बंदूक, कार्टेक्स वायर, बारूद, डेटोनेटर, बम फटाक, नक्सल साहित्य, पिठु बरामद किया गया ।घायल मिलिशिया सदस्य को एम्बुलेंस से बासागुड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाकर प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर लाया गया, जहां घायल माओवादी का उपचार जारी है ।

## शातिर ठग दम्पती गिरफ्तार : दोस्ती बढ़ा भरोसा जीतकर लाखो के जेवरात ठग कर हो गए थे फरार

**कवर्धा (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक डा0 लाल उमेंद सिह के मार्गदर्शन मे एंव अति0 पुलिस अधीक्षक मनिषा ठाकुर एंव अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती मोनिका सिंह परिहार के दिशा निर्देश मे थाना क्षेत्र मे लगातार अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे प्रार्थीया अन्नु शुक्ला पति नन्द कुमार शुक्ला उम्र 41 साल साकिन राजमहल चौक स0 लोहारा लिखित शिकायत प्रस्तुत किया कि आरोपीगण 1 जोगासन बाई पति कृष्ण कुमार लोधी उम्र 34 साल 2. कृष्ण कुमार उर्फ गोविंद कुमार उम्र 36 साल साकिनान खमतराई थाना खैरागढ जिला राजनांदगांव प्रार्थीया के मकान मे किराये से रहने के बहाने आये थे कुछ दिन उनके मकान मे रहे और इसी दौरान आरोपीगण मकान मालिक से मीठी मीठी बाते करके भरोसा जीत लिये और अपने प्लान के मुताबिक आरोपीगणो द्वारा मकान मालिक को तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर जमीन बेचकर रकम वापस देने का झासा देकर मकान मालिक प्रार्थीया से लगभग ढेड तोला सोने का हार, एवं लगभग साढे आठ ग्राम सोने का झुमका, चांदी का पायल लगभग 17 तोला , चांदी का करधन लगभग 25 तोला ,मशरूका किमती 150000 तथा नगद रकम 53000 रूपये कुल जुमला लगभग 203000 (दो लाख तीन हजार )रूपये को ठगी कर ले जाने कि शिकायत पर थाना स0 लोहारा मे अपराध क्रमांक 34/22 धारा 420,34 भादवि0 का अपराध कायम कर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन मे द्रुपीडिता टीम गठित कर अपराध कायमी के चंद घंटो मे विशेष अभियान चलाकर ग्राम छोटुपारा मे नये शिकार के तलास मे घुमते आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से प्रार्थी के सोने चांदी के जेवरात बरामद कर अभियुक्त गणो को ज्युडिसयल रिमांड पर भेजा गया । आरोपीयो द्वारा बडे ही शातिराना ढंग से पहले दोस्ती बढा कर परिवार का भरोसा जीतते है फिर किसी भी बहाने से सोने चांदी एंव नगदी रकम लेकर फरार हो जाते है अन्य स्थानों जिलो मे भी इनके द्वारा इसी तरह से ठगी करने की बात सामने आई है जिसके संबंध मे जानकारी जुटाई जा रही है ,थाना लोहारा की त्वरित कार्यवाही से जंहा आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता मिली।

## छत्तीसगढ़ में 15 से 18 वर्ष के 60 प्रतिशत किशोरों का टीकाकरण, अब तक 9.83 लाख बच्चों को लगाया जा चुका टीका

**● कोरिया और मुंगेली में तीन चौथाई से अधिक किशोरों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 15 से 18 वर्ष की आबादी के 60 प्रतिशत किशोरों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। इस महीने 3 जनवरी से इस आयु वर्ग के टीकाकरण की शुरूआत हुई थी। कोरिया और मुंगेली जिले में तीन चौथाई से अधिक किशोरों को टीका लगाया जा चुका है। वहां क्रमश: 79 प्रतिशत और 75 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश के 11 जिले 60 प्रतिशत या इससे ज्यादा किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगा चुके हैं। इनमें कोरिया, मुंगेली, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग और कांकेर शामिल हैं।



कोरोना सक्रंमण से बचाव के लिए अब तक कोरिया जिले में 31 हजार 229, मुंगेली में 36 हजार 287, राजनांदगांव में 69 हजार 194, धमतरी में 33 हजार 540, रायपुर में 97 हजार 357, बालोद में 32 हजार 731, बेमेतरा में 36 हजार 835, बिलासपुर में 72 हजार 924, महासमुंद में 42 हजार 663, दुर्ग में 64 हजार 932, कांकेर में 27 हजार 459, नारायणपुर में 5168, सरगुजा में 30 हजार 974 और गरियाबंद में 21 हजार 766 किशोरों को टीका लगाया गया है।

कोरोनारोधी टीके की पहली खुराक बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 55 हजार 204 किशोरों को, कबीरधाम में 32 हजार 742 को, जांजगीर-चांपा में 58 हजार 762 को, सूरजपुर में 27 हजार 862, रायगढ़ में 50 हजार 069, बस्तर में 27 हजार 360, जशपुर में 27 हजार 009, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में दस हजार 692, दंतेवाड़ा में 8933, कोंडागांव में 17 हजार 512, बलरामपुर-रामानुजगंज में 21 हजार 926, कोरबा में 32 हजार 240, सुकमा में 4836 तथा बीजापुर में 4315 किशोर-किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
**अन्य बिन्दु**
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## चिटफंड पीड़ित निवेशकों के आवेदनों पर कार्यवाई तेज, कंपनियों को भेजे जा रहे नोटिस

**● माइनिंग टास्क फोर्स की अहम बैठक, अवैध खनन पर होती रहेगी समन्वय से कार्रवाई**

**दुर्ग (आरएनएस)।** चिटफंड और अवैध खनन को लेकर आज दो महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के चेंबर में हुई। दोनों ही बैठकों में एसएसपी बद्रीनारायण मीणा भी शामिल हुए। इस अहम बैठक में अवैध खनन पर कार्रवाई से लेकर चिटफंड कंपनियों में निवेशकों को राहत पहुँचाने की जा रही कार्रवाई पर चर्चा हुई। चिटफंड कंपनियों के निवेशकों ने बड़ी संख्या में राहत के लिए आवेदन कलेक्ट्रेट में लगाये हैं जिन पर प्रकरण बनाये जा रहे हैं। बैठक में एडीएम श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बताया कि अभी 125 कंपनियों को नोटिस के लिए चिन्हांकित किया गया है। इसमें रायपुर-दुर्ग-भिलाई-बिलासपुर की 29 कंपनियां शामिल हैं। कलेक्टर ने इन सभी कंपनियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। एसएसपी श्री मीणा ने कहा कि इसके लिए पुलिस विभाग से जिस तरह के समन्वय एवं जानकारी की जरूरत होगी, विभाग द्वारा इसे प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप चिटफंड निवेशकों के आवेदनों पर शीघ्रताशीघ्र कार्रवाई करनी है। इसके लिए जिन्हें नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है वे तेजी से कार्रवाई करें ताकि प्रक्रिया तेजी से बढ़ाकर निवेशकों को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के समन्वय से राजस्व अमला इस दिशा में कार्य करें। यह सबसे प्राथमिकता वाला कार्य है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई, सहायक कलेक्टर हेमंत नंदनवार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**पासिंग जोन पर रहेगी विशेष नजर**

इस मौके पर माइनिंग टास्क फोर्स की भी बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर और एसएसपी ने कहा कि खनिज विभाग पुलिस के समन्वय के साथ इस संबंध में तेजी से कार्रवाई करे। कलेक्टर ने अब तक की गई प्रगति की जानकारी भी ली। खनिज अधिकारी श्री दीपक मिश्रा ने बताया कि जिले में खनिज के अवैध परिवहन पर पूरी तरह विभाग सतर्क है और इनपुट के आधार पर टीम रात-दिन एलर्ट है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में पड़ोसी जिलों से भी गाडिय़ां आती हैं अतएव पासिंग जोन पर विशेष रूप से नजर रखें। खनिज अधिकारी ने बताया कि कुम्हारी, अंडा, तरीघाट और रानीतराई में खनिज विभाग की टीम एलर्ट हैं जहां से अवैध परिवहन पर नजर रखी जा रही है। खनिज विभाग की जांच उडऩदस्ता की गाड़ी की नियमित पेट्रोलिंग होती रहे, सख्त मानिटरिंग से अवैध खनन हतोत्साहित होता है। आरटीओ अनुभव शर्मा ने बताया कि ओवरलोडिंग जैसे मामलों पर आरटीओ का दस्ता पूरी तरह नजर रखा हुए है और इस पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि बड़े निर्माण कार्यों में लगे लोग अधिकतर रेत स्टोर कर रखते हैं। इनकी भी जांच करते रहें ताकि पूरी तरह से अवैध खनन को हतोत्साहित किया जा सके। एसएसपी ने कहा कि इसके लिए संयुक्त टीम अच्छा कार्य कर रही है। आगे भी संयुक्त टीम समन्वय के साथ कार्य करें। पेपरवर्क अच्छा रखें, इससे कार्रवाई पुख्ता करने में मदद मिलती है।